दि. एम. पी. स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज. डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन. लिमिटेड.
पंचानन भवन, तृतीय तल, मालवीय नगर, भोपाल
☎ . 0755- 2551652, 2551756
email - mpagrohobpl@gmail.com
website : www.mpagro.org

क्रं. मुख्या / एचआरडी / 2025–26 भोपाल दिनांक 25.08.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

मध्य प्रदेश कृषि उद्योग विकास निगम (म.प्र. शासन का उपक्रम) में सिविल इंजीनियर संवर्ग में म.प्र.शासन / शासकीय उपक्रमों / शासन द्वारा स्थापित स्वशासी संस्थाओं की नियमित यांत्रिकी सेवा मे सेवारत इंजीनियर्स को प्रतिनियुक्ति पर लेने हेतु अथवा सेवानिवृत इंजीनियर्स जिनकी आयु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 63 वर्ष से अधिक न हो, की संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु तालिका में वर्णित पदो पर निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है :–

| क्र. | सेवा हेतु विज्ञापित पदनाम | पद हेतु वांछनीय अर्हता / अनुभव | पद संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक यंत्री (द्वितीय श्रेणी संवर्ग) | सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक एवं शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्थान में सहायक यंत्री पद अथवा उक्त पद पर प्रभारी के रूप मे कार्य करने का 5 वर्ष का अनुभव | 01 |
| 2 | उप यंत्री सिविल (तृतीय श्रेणी संवर्ग) | सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा एवं शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्थान में उप यंत्री के रूप में कार्य करने का 5 वर्ष का अनुभव | 01 |

निगम द्वारा आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप शैक्षिणिक योग्यता, शर्ते तथा आवेदन करने हेतु आवश्यक निर्देश निगम की बेबसाइट www.mpagro.org पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र दिनांक 15.09.2025 को सायंकाल 6.00 बजे तक मध्यप्रदेश कृषि उद्योग विकास निगम मर्यादित मुख्यालय, पंचानन भवन, तृतीय तल, मालवीय नगर, भोपाल में स्वीकार किये जावेंगे। समय–सीमा के पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे। पदों की पूर्ति का अंतिम अधिकार निगम के प्रबंध संचालक का होगा।

महा प्रबंधक (एचआरडी)

<u>सिविल इंजीनियर पद पूर्ति हेतु निर्धारित मुख्य सेवा शर्ते</u>

1. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त इंजीनियर्स अथवा संविदा पर नियुक्त सेवानिवृत्त इंजीनियर्स को प्रवास के दौरान यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता निगम के द्वितीय/तृतीय श्रेणी अधिकारियों के समान मिलने वाले भत्तों के अनुरूप प्राप्त होगा।

2. सेवानिवृत्त इंजीनियर्स की संविदा नियुक्ति की अवधि उपस्थिति दिनांक से 01 वर्ष के लिये रहेगी। संविदा अवधि को उभय पक्षों की सहमति से अधिकतम 65 वर्ष की आयु सीमा के अंदर 01 वर्ष और आगे बढ़ाया जा सकता है।

3. सेवानिवृत्त इंजीनियर्स की संविदा नियुक्ति पर म.प्र. शासन के नियमानुसार सेवा निवृत्ति के पूर्व प्राप्त हो रहे अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत मासिक वेतन (मूल वेतन+ महगाई भत्ता) के रूप में एकमुश्त राशि संविदा वेतन होगा।

4. सेवानिवृत्त इंजीनियर्स की संविदा सेवा के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का मानदेय देकर संविदा सेवाएँ समाप्त की जा सकेगी।

5. सेवानिवृत्त इंजीनियर्स की संविदा अवधि के दौरान नियमानुसार एक वर्ष में 13 दिन के आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी। इसके अतिरिक्त अन्य कोई अवकाश देय नहीं होगा।

6. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त इंजीनियर्स अथवा सेवानिवृत्त इंजीनियर्स को सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति/निर्देश के कोई भी सूचना/जानकारी किसी अन्य व्यक्ति अथवा अन्य विभाग अथवा मीडिया को किसी भी माध्यम से नहीं देगा तथा कार्यालयीन गोपनीयता भंग नहीं करेगा।

7. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त इंजीनियर्स अथवा सेवानिवृत्त इंजीनियर्स इस कार्यालय में सेवा अविध के दौरान अन्य किसी भी प्रकार के संस्थानों/कार्यालयों में कार्य करने अथवा व्यक्तिगत तौर पर किसी भी प्रकार के व्यापार/व्यवसाय करने पर प्रतिबंध रहेगा।

8. सेवानिवृत्त इंजीनियर्स को सेवा के विगत 10 वर्षों में कोई दीर्ध/लघु शास्ति का दंड न दिया गया हो।

9. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त इंजीनियर्स अथवा सेवानिवृत्त इंजीनियर्स का गोपनीय चरित्रावली अभिलेख समग्र रूप से बहुत अच्छा या उच्च श्रेणी का हो।

10. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त इंजीनियर्स अथवा सेवानिवृत्त इंजीनियर्स के विरुद्ध विभागीय जांच अथवा अभियोजन लंबित न हो तथा उसे सेवा से हटाया न गया हो।

11. स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी हो (फिटनेस प्रमाण प्रस्तुत करना होगा) ।

12. कर्तव्य पर उपस्थिति देते समय निगम/शासन द्वारा अधिकृत चिकित्सक अधिकारी द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें उन्हें सेवा निवृत्ति उपरांत शासकीय सेवा हेतु सक्षम घोषित किया गया हो।

13. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त इंजीनियर्स अथवा सेवानिवृत्त इंजीनियर्स को वरिष्ठ अधिकारी द्वारा सौंपे गए सभी कार्य संपादित करना होंगे।

14. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त इंजीनियर्स अथवा सेवानिवृत्त इंजीनियर्स द्वारा संपादित कार्यों में किसी प्रकार की कोई अनियमितता परिलक्षित होने अथवा उपरोक्त वर्णित शर्तों में किसी शर्त का उल्लंघन करने या कार्य संतोषजनक नहीं होने पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त इंजीनियर्स की सेवा मूल विभाग मे लौटाई अथवा सेवानिवृत्त इंजीनियर्स की संविदा सेवा समाप्त की जा सकेगी।

15. किसी भी विज्ञापित पद को किसी भी समय बिना कोई कारण बताये वापस लेने का अधिकार प्रबंध संचालक को रहेगा।

16. विज्ञापित पदो में से किसी पद को अथवा सभी पद को भरने या न भरने का अधिकार प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा।

17. निगम द्वारा निर्धारित प्रकिया अंतर्गत आवेदकों के चयन का पूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा।

18. चयनित उम्मीदवार को संपूर्ण प्रदेश में निगम के स्थित किसी भी कार्यालय में पदस्थ किया जा सकता है एवं प्रवास पर भेजा जा सकता है।

19. उपस्थिति देते समय प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त इंजीनियर्स अथवा सेवानिवृत्त इंजीनियर्स को इन शर्तों को मान्य करने हेतु सहमति देना होगी।

20. आवेदक को म.प्र. का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

## आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया

1– पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रबंध संचालक, म.प्र. कृषि उद्योग विकास निगम पंचानन भवन तृतीय तल मालवीय नगर भोपाल के नाम से प्रेषित कर सकते है।

2– आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में वृद्धि, संशोधन, साक्षात्कार के समय स्थान परिवर्तन संबंधी अनुरोध स्वीकार योग्य नहीं है।

3.– आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में परिवर्तन, संशोधन, दस्तावेज सत्यापन सह साक्षात्कार हेतु योग्य उम्मीदवारों की सूची, चयन तथा प्रतीक्षा सूची निगम की वेबसाईट www.mpagro.org पद पर जारी की जायेगी।

## चयन की प्रक्रिया

1– विज्ञापित पद पर सेवानिवृत्त इंजीनियर्स की संविदा पर अथवा प्रतिनियुक्ति पर सेवा प्रदान करने हेतु इच्छुक इंजीनियर्स से आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगे।

2– निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत योग्य पाये गये उम्मीदवारों को दस्तावेजों के सत्यापन सह साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

3– दस्तावेज सत्यापन सह साक्षात्कार के दिनांक/समय की सूचना निगम की वेबसाईट, ईमेल तथा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दी जायेगी परंतु सूचना पत्र समय पर प्राप्त न होने संबंधी कोई दावा आपति मान्य नहीं किया जायेगा।

4– आवेदकों की संख्या अधिक होने अथवा किसी अन्य कारण से दस्तावेज सत्यापन सह साक्षात्कार हेतु आमंत्रित उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

5– दस्तावेज सत्यापन के समय आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये दस्तावेजों की मूल पति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

6– दस्तावेज सत्यापन सह साक्षात्कार प्रक्रिया के पश्चात नियुक्ति हेतु चयनित उम्मीदवार तथा प्रतीक्षारत उम्मीदवारों की सूची जारी की जायेगी।

**नियुक्ति की प्रक्रिया**

1– सेवानिवृत्त इंजीनियर्स को चयन की सूचना जारी कर अधिकतम 30 दिवस में संविदा नियुक्ति अनुबंध संपादन की कार्यवाही हेतु आमंत्रित किया जायेगा। 30 दिवस की अवधि में संविदा नियुक्ति अनुबंध संपादित न होने की दशा में प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित उम्मीदवार को अवसर प्रदान किया जायेगा।

2– चयन/नियुक्ति प्रक्रिया के किसी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा कूटरचित अथवा तथ्यों को छिपाकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर नियुक्ति/चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा।

3– उम्मीदवार द्वारा किसी भी विधि से नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किये जाने की दशा में बिना कारण बताये नियुक्ति प्रक्रिया हेतु अयोग्य घोषित किया जावेगा।

महाप्रबंधक (एचआरडी)

# आवेदन का प्रारूप

प्रति,

प्रबंध संचालक,
म.प्र. कृषि उद्योग विकास निगम
पंचानन भवन तृतीय तल मालवीय नगर भोपाल

स्व–प्रमाणित पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा करें

1. आवेदित पद ............................................................................................
2. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम.................................................................
3. अंग्रेजी केपिटल में लिखें ..............................................................................
4. पिता का नाम ...........................................................................................
5. स्थाई पता ...............................................................................................
6. वर्तमान पता ............................................................................................
7. जन्म तिथि अंकों में ...................................................................................
शब्दों में ............................................दिनांक.............को आयु.......... वर्ष ............माह........... दिन
8. जाति ................................
................................उपजाति................. वर्ग..................... (अनु.जा./अ.ज.जा./पिछड़ा वर्ग (सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त) प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
9. सेवा निवृत्ति दिनांक...................................
10. सेवा निवृत्ति दिनांक को अथवा सेवारत के धारित पद का नाम.........................................
11. विभाग/कार्यालय का नाम जहां सेवानिवृत्ति दिनांक को कार्यरत थे अथवा सेवारत है .......................................
13. शैक्षणिक योग्यता ..........................................................................................

| क्र. | परीक्षा का नाम | विद्यालय का नाम एवं पता | उत्तीर्ण श्रेणी | कुल अंक /प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

14. विशेष तकनीकी योग्यता .......................................................................
.......................................................................
.......................................................................

15. कार्य अनुभव एवं अवधि .......................................................................
.......................................................................
.......................................................................

16. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची एवं संख्या .......................................................................
.......................................................................
.......................................................................

17. मोबाईल नम्बंर/ई–मेल आई.डी .......................................................................
.......................................................................

## घोषणा– पत्र

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारी व शैक्षणिक योग्यता/अन्य योग्यता/अनुभव संबंधी ऊपर दी गई जानकारी का विवरण पूर्णतः सत्य है एवं आवेदित पद के लिए मैं निर्धारित योग्यता रखता /रखती हूं। मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि मेरे विरूद्ध किसी भी न्यायालय में आपराधिक प्रकरण वर्तमान में विचाराधीन नहीं है, एवं न ही आज दिनांक तक मुझे किसी अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है और न ही शासकीय सेवा में चयन हेतु वर्जित किया गया है। इसमें किसी भी प्रकार की गलत जानकारी के लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूंगा एवं इस आधार पर किसी भी प्रकार की गलत जानकारी होने पर मेरे विरूद्ध कार्यवाही करने का निगम को पूर्ण अधिकारी होगा ।

दिनांक

स्थान

आवेदक के हस्ताक्षर

पूरा नाम

पता